दैनिक
सुफ्फा

# ऑनलाइन ठगी से लेकर डेटा प्रोटेक्शन तक अकोला के बच्चों ने सीखे साइबर सुरक्षा के मंत्र



**अकोला-**

अकोला में स्थित देवकाबाई देशमुख विद्यालय (मुख्य शाखा), में दिनांक ३१ जुलाई २०२५ को कक्षा ५वीं से १०वीं के विद्यार्थियों के लिए साइबर सुरक्षा विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला विद्यालय की मुख्याध्यापिका सौ. पोकले के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुई, जिसमें प्रमुख अतिथि के रूप में विद्यालय के शिक्षक प्रतिनिधि उपस्थित थे। विशेष मार्गदर्शन हेतु शंकरलाल खंडेलवाल महाविद्यालय, अकोला की बीसीए अंतिम वर्ष की छात्राएँ कु. अदिति जानोरकर और कु. तनुजा घोगरे ने विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा का महत्व, इंटरनेट का सुरक्षित उपयोग, साइबर अपराधों से बचाव के उपाय और व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा के तरीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विद्यार्थियों को प्रत्यक्ष उदाहरणों के माध्यम से जागरूक किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे और सभी ने साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने का संकल्प लिया।